लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण कार्य प्रारंभ

शहर के सूखा व हिरन नाले के गंदे पानी का होगा शुद्धिकरण, नगर पालिका का दूसरा लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट नौगवां धीरसिंह में बनेगा

नवभारत न्यूज

सीधी 15 मई। नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा गाड़ा खोह में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण शुरू करा दिया गया है। शहर के सूखा व हिरन नाले के गंदे पानी का शुद्धिकरण उक्त प्लांट में किया जायेगा। वहीं नगर पालिका के दूसरे लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण नौगवां धीरसिंह में शुरू करने की तैयारी है। नालों का पानी शुद्ध करके सोन नदी में छोड़ने की व्यवस्था बनाई गई है।

दरअसल नालों के पानी को शुद्ध करने के लिए 3 लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के निर्माण को स्वीकृति मिली है। नालों का पानी शुद्ध करके सोन नदी में छोड़ने की व्यवस्था बनाई गई है। नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा के तहत अमृत योजना-2 में नगर पालिका परिषद सीधी के सूखा व हिरन नाले के गंदे पानी को शुद्ध कर सोन नदी में छोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम गाड़ा खोह में लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनाने की अनुमति दी गई है। प्लांट में शहरी क्षेत्र से आने वाले गंदे पानी को साफ कर उसे सोन नदी में छोड़ा जाना है। नगर पालिका के अनुसार शासन स्तर से गत 15 अप्रैल को प्लांट की क्राइम-डिजाइन फाइनल हो जाने के बाद ठेका एजेंसी ने ग्राम गाड़ा खोह में निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। बताया जाता है कि निर्माण कार्य के लिए आवश्यक गड्ढे खोदने का काम पहले ही पूरा कर लिया गया था। अब इनमें लोहे और सीमेंट से स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

बताया गया है कि केन्द्रीय योजना के तहत अलग-अलग हिस्सो में दो लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण कराया जाना है। फिलहाल 5 एमएलडी वाले प्लांट निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक एमएलडी के लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण नौगवां धीरसिंह गांव में कराया जाना है। लेकिन यहां अभी तक राजस्व विभाग द्वारा जमीन का आवंटन नहीं किया गया है। नगर पालिका की ओर से प्रयास चल रहे हैं कि जल्द से जल्द यहां पर प्लांट निर्माण के लिए आवश्यक जमीन निर्माण हो जाए। जिससे यहां भी निर्माण कार्य शुरू हो जाएं।

15 करोड़ की लागत से बनेंगे दो प्लांट

शहर के सूखा, हिरन व बिसैंधा नाले का गंदा पानी सीधे सोन नदी में मिलता है। इन तीनों नालों का पानी शुद्ध करने के लिए दो लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनाए जाने हैं। इनमें से 5 एमएलडी प्लांट का निर्माण कार्य गाड़ा खोह गांव में पिछले माह से शुरू है। नगर पालिका अमले का कहना है कि नौगवां धीरसिंह एवं गाड़ा खोह में तैयार किए जाने वाले लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की कुल लागत लगभग 15 करोड़ रुपए है। निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही समय-समय पर नगर पालिका के इंजीनियर मौका मुआयना कर गुणवत्ता का खास निगाह रख रहे हैं। निर्माण एजेंसी को एक वर्ष के अंदर दोनो लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तैयार करने हैं।

सोन नदी प्रदूषण से होगी सुरक्षित

सोन नदी के प्रति हिंदू धर्म के लोगों की बड़ी आस्था है। यहां मकर संक्रांति अमावस्या व अन्य धार्मिक अवसरों पर बड़ी संख्या में लोग स्नान कर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। स्वर्णकार समाज व व्यापारी वर्ग सहित अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा सोन नदी की महाआरती का भी आयोजन किया जा चुका है। ऐसे में नदी की मैली होती धारा लोगों के मन में चिंता और प्रशासन की हीलाहवाली को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। सोन नदी न केवल धार्मिक महत्व रखती है बल्कि शहर की पेयजल व्यवस्था, ग्रामीण जीवन और परिस्थितियों का भी प्रमुख आधार है। नदी के प्रदूषित होने से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है और इसके आने वाले समय में देखने को मिल सकते हैं। देर से ही सही अब सोन नदी की पवित्रता बरकरार रखने के लिए लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट निर्माण की शुरुआत हो चुकी है।

इनका कहना है

हिरन, सूखा और एक अन्य नाले के गंदे पानी को सोन नदी में मिलने से पहले शुद्ध करने के लिए अमृत योजना-2 के तहत दो लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण कराया जाना है। 5 एमएलडी प्लांट का निर्माण शुरू हो गया है। जमीन आवंटन होते ही दूसरे प्लांट काम भी प्रारंभ करा दिया जाएगा।

प्रिया पाठक, डिप्टी कलेक्टर सह प्रभारी सीएमओ नपा सीधी

कोतवाली थाना सीधी में स्थापित होगा संकेत संवाद मध्यस्थता केन्द्र

श्रवण व वाक बाधितजनों को मिलेगा सहयोग

नवभारत न्यूज

सीधी 15 मई। न्याय तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कोतवाली थाना सीधी को संकेत संवाद मध्यस्थता केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। इस केन्द्र का उद्घाटन 16 मई को प्रातः 10.30 बजे वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत श्रवण एवं वाक बाधित पेशेवरों तथा सांकेतिक भाषा दुभाषियों को 40 घंटे का विशेष मध्यस्थता प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत ये प्रशिक्षित मध्यस्थ समाज के श्रवण एवं वाक बाधित वर्ग से जुड़े न्यायालय द्वारा संदर्भित विवादों तथा मुकदमे पूर्व मामलों के समाधान में प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि न्यायिक सेवाओं को अधिक सुलभ, संवेदनशील और समावेशी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 5 पुलिस थानों में संकेत संवाद मध्यस्थता केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें लॉर्डगंज पुलिस थाना जबलपुर, कोतवाली पुलिस थाना सीधी, तुकोगंज पुलिस थाना इंदौर, महिला पुलिस थाना भोपाल और बिछिया पुलिस थाना रीवा शामिल हैं। इसी क्रम में कोतवाली थाना सीधी को भी संकेत संवाद मध्यस्थता केन्द्र के रूप में चयनित किया गया है। इस केन्द्र का उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा सहित अन्य गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

राजस्व न्यायालयों में समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने कलेक्टर के निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 15 मई। जिले में राजस्व प्रशासन को अधिक सक्रिय, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व विभाग के मूल दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और नागरिकों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी राजस्व न्यायालयों में प्रतिदिन नियमित सुनवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और समय बद्धता बनाए रखना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही 31 दिसम्बर 2025 की स्थिति में जिन प्रकरणों का निर्णय हो चुका है उनके अभिलेखों को तत्काल दुरुस्त कर रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिए, ताकि राजस्व अभिलेखों में शुद्धता और विश्वसनीयता बनी रहे। बैठक में राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बकाया प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण शासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, इसलिए वसूली कार्य में ठोस परिणाम दिखने चाहिए। अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई को लेकर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रभावी और सतत अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि निवेश और रोजगार सृजन के लिए भूमि संबंधी तैयारियां समय रहते पूरी की जानी चाहिए।

डीजल-पेट्रोल की बेतहाशा मूल्य वृद्धि ने तोड़ी आम जनता की कमर, महंगाई चरम पर : ज्ञान

नवभारत न्यूज

सीधी 15 मई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि रसोई गैस सिलेण्डर की कीमतों में लगातार वृद्धि के बाद अब डीजल और पेट्रोल के दामों में भारी बढ़ोतरी कर मोदी सरकार ने आम जनता की कमर तोड़ने का काम किया है।

देश की जनता पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है ऐसे समय में ईंधन के दाम बढ़ाकर केन्द्र सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी और मध्यम वर्गीय परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। ज्ञान सिंह ने कहा कि डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ने का सीधा असर परिवहन, खाद्य सामग्री, सब्जियों, दवाइयों, निर्माण सामग्री और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं पर पड़ता है। इसका परिणाम यह होता है कि बाजार में हर वस्तु के दाम आसमान छूने लगते हैं और आम आदमी का मासिक बजट पूरी तरह बिगड़ जाता है। आज स्थिति यह है कि एक मध्यम वर्गीय परिवार के पास बचत के नाम पर कुछ नहीं बच रहा है जबकि दूसरी ओर कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के अनुसार देश में महंगाई दर लगातार ऊंचे स्तर पर बनी हुई है।

ज्ञान सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक तरफ देश की जनता को डीजल-पेट्रोल बचाने की सलाह दी जा रही है, सोना खरीदने से बचने की अपील की जा रही है और विदेश यात्राएं कम करने का उपदेश दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर भाजपा के मंत्री और नेता दर्जनों गाड़ियों के बड़े-बड़े काफिलों में घूम रहे हैं। जनता को मितव्ययिता का पाठ पढ़ाने वाली सरकार खुद फिजूलखर्ची और दिखावे की राजनीति में डूबी हुई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री खुद पांच देशों की विदेश यात्रा पर रवाना हो जाते हैं लेकिन आम आदमी को विदेश यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। जनता से त्याग की उम्मीद करने वाली सरकार खुद सत्ता के ऐशो-आराम में डूबी हुई है।

समर कैम्प केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण मंच : पवन

नवभारत न्यूज

सीधी 15 मई। स्थानीय गणेश स्कूल पड़रा सीधी में आयोजित 15 दिवसीय समर कैम्प का शुक्रवार को भव्य एवं उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। समापन समारोह में बच्चों ने नृत्य, संगीत, नाटक मंचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी पवन सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआरसीसी डॉ.राजेश कुमार पाण्डेय शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की एचएम माएमा सिमन्स ने की। मुख्य अतिथि पवन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैम्प केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं रचनात्मक सोच का विकास होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि गणेश स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि राजेश पाण्डेय ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एचएम माएमा सिमन्स ने कहा कि समर कैम्प बच्चों की प्रतिभा निखारने और उनमें आत्मविश्वास विकसित करने का बेहतर माध्यम है। आयोजित समर कैम्प में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समारोह के अंत में समर कैम्प के प्रभारी अवतार कृष्ण ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजकपूर चितेरा, संदीप पटेल, माखनलाल मिश्र, डी.के.खरे, अंकिता सेन, अंकुर मिश्र, सुजीत दीक्षित, नाजिया बानो, प्रियंका सिंह, विश्वास पाण्डेय एवं सचित त्रिपाठी सहित शिक्षकगणए अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

केवट जयंती पर खोखरा में कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 15 मई। केवट जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम खोखरा में मछुआ समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने निषादराज जी के आदर्श जीवन, समरसता, भाईचारे और सामाजिक एकता के संदेश पर प्रकाश डाला।

विधायक श्री टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि निषादराज का चरित्र त्याग, सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति निषादराज की निष्ठा, मित्रता और सहयोग भारतीय संस्कृति में आदर्श संबंधों की प्रेरणादायी मिसाल है। आज के समय में समाज को ऐसे ही आदर्शों को आत्मसात करते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवट समाज का सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक योगदान महत्वपूर्ण रहा है। समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर विकास की धारा में आगे बढ़ना ही सच्ची सामाजिक समरसता है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी ज्ञानेन्द्र मिश्र, बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी, मछुआ समिति एवं केवट समाज के पदाधिकारी, समाजजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने केवट जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई।

एक नजर में

कनिष्ठ राजस्व अधिकारी संघ का विरोध प्रदर्शन समाप्त

सीधी। जिला प्रशासन एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष की मध्यस्थता में कनिष्ठ राजस्व अधिकारी संघ एवं जिला अधिवक्ता संघ के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकारात्मक चर्चा संपन्न हुई। आपसी संवाद, समझ और सहयोग के माध्यम से उत्पन्न विवाद का सफलतापूर्वक समाधान निकाला गया। चर्चा उपरांत दोनों पक्षों के बीच यह सहमति बनी कि सभी कार्य विधि व्यवस्था के अनुरूप स्थापित प्रोटोकॉल, पारस्परिक सम्मान और शिष्टाचार के अनुरूप संचालित किए जाएंगे। जिला प्रशासन एवं जिला अधिवक्ता संघ सदैव समन्वय, सुशासन और सकारात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि जनहित से जुड़े कार्य निर्बाध, शांतिपूर्ण और प्रभावी रूप से संचालित होते रहें।

सेंधवा, धुम्मा, पड़खुरी 586 व मेढ़ौली में आज लगेंगे शिविर

सीधी। जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उनके निकट उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 16 मई को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 मई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की चयनित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे।

अशोक भीम कामदार बने मप्र . कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधी कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

सीधी 15 मई। जिले के वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी अशोक भीम कामदार को मध्य प्रदेश कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधी कल्याण समिति में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिले में हर्ष का वातावरण है। उनकी नियुक्ति पर समाज के लोगों, व्यापारिक संगठनों एवं शुभचिंतकों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

अशोक भीम कामदार लम्बे समय से व्यापार एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में वे व्यापारी संघ सीधी के महामंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। साथ ही सिंधी समाज सीधी के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में उनकी सदैव सक्रिय सहभागिता बनी रहती है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति को समाज एवं व्यापारिक वर्ग के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। शुभचिंतकों ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री कामदार अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक समर्पण से समिति को नई दिशा प्रदान करेंगे तथा सिंधी समाज के हितों एवं कल्याण के लिए प्रभावी कार्य करेंगे।

अशोक भीम कामदार ने अपनी नियुक्ति पर विशेष आभार व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, मध्य प्रदेश कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधी कल्याण समिति के प्रदेश संयोजक दिनेश मेघानी, प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर झामनानी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह, महेन्द्र सिंह चौहान, महासचिव प्रभारी समस्त विभाग-प्रकोष्ठ एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

सहायक उपकरण केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि जीवन में नई गति प्रदान करने का माध्यम : डॉ .राजेश

65 हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित, दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को मिला संबल, दो विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मिला लैपटॉप

नवभारत न्यूज

सीधी 15 मई। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद पंचायत कुसमी में भारत सरकार की वयोश्री योजना एवं एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 65 हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र, सुगम्य केन, आईडी किट सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत दो हितग्राहियों को उच्च शिक्षा में सहयोग हेतु लैपटॉप भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को अधिक सम्मानजनक, आत्मनिर्भर और सुगम बनाना सरकार की प्राथमिकता है। सहायक उपकरण केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, स्वावलंबन और जीवन में नई गति प्रदान करने का माध्यम हैं। सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के अनुरूप शासन की योजनाएं जरूरतमंदों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने हितग्राहियों से शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने तथा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम अतिरिक्त सीईओ एवं उपसंचालक धनंजय मिश्रा तथा सीईओ जनपद पंचायत कुसमी ज्ञानेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के ट्रांस डिसिप्लिनरी विशेष शिक्षक (आईडी) शिवांशु शुक्ला एवं सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.दीपक त्रिपाठी द्वारा चिन्हांकित हितग्राहियों को उपकरण वितरण में तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का संचालन सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जयराज सिंह द्वारा किया गया। हितग्राहियों के आवागमन, बैठने, पंजीयन एवं उपकरण वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों से आए दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को लाने और वापस पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई, जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की। कार्यक्रम में प्रभात शुक्ला सहित सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिव्यांगजन व वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर : टेकाम

धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन एवं वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके जीवन को सहज एवं सम्मानपूर्ण बनाना सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शासन की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर साकार करते हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांग विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किए जाने को उन्होंने दूरदर्शी पहल बताते हुए कहा कि शिक्षा और तकनीकी संसाधन युवाओं को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर करते हैं।